**भारत सरकार**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 3123**

**गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)**

**सड़क दुर्घटनाएं**

**3123. श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोशः**
**श्री वी. के. श्रीकंदनः**
**श्री राजीव प्रताप रूडीः**

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में सड़क दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष लगभग 1,50,000 लोगों की मौत होती है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विश्व स्वास्थय संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्येक वर्ष 2,99,000 से अधिक लोगों की मौतें हो रही हैं तथा यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हो रही है तथा यदि हां तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं और उनमें कितने लागों की मौतें हुई हैं;

(ङ) सरकार द्वारा देश में उक्त दुर्घटनाओं को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(च) सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु इंजीनियरिंग शिक्षा, प्रवर्तन, निगरानी और आपातकालीन देखभाल मानकों का समाधन करने के लिए अन्य क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री**

**(श्री नितिन जयराम गडकरी)**

**(क):** मंत्रालय सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पुलिस विभागों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सड़क यातायात संबंधी चोटों का विश्लेषण करता है। मंत्रालय द्वारा प्रकाशित सड़क दुर्घटनाओं के नवीनतम आंकड़े कैलेंडर वर्ष 2017 के लिए हैं। पिछले तीन कैलेंडर वर्षों अर्थात 2015 से 2017 के दौरान भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गई है:-

| वर्ष | सड़क दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| 2015 | 146133 |
| 2016 | 150785 |
| 2017 | 147913 |

**(ख):** वर्ष 2016 के लिए सड़क दुर्घटना संबंधी आंकड़ों के आधार पर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित सड़क सुरक्षा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट 2018 के अनुसार भारत उन अग्रणी देशों में से एक है जहां सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है।

**(ग):** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पुलिस विभागों द्वारा सूचित किए गए सड़क दुर्घटना संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2015 के बाद से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2016 में सड़क दुर्घटनाओं में 4.14% की कमी आई और वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2017 में सड़क दुर्घटनाओं में 3.28% की कमी आई। पिछले तीन वर्षों अर्थात 2015-2016 और 2017 के दौरान देश में सड़क दुर्घटनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | सड़क दुर्घटनाएँ | पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि |
|---|---|---|
| 2015 | 501,423 | |
| 2016 | 480,652 | -4.14 |
| 2017 | 464,910 | -3.28 |

सड़क दुर्घटनाएं अनेक कारणों से होती हैं जैसे कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, शराब पीकर/नशे में वाहन चलाना, अधिक भार से लदे वाहन, प्रकाश की खराब स्थिति, रेड लाइट को पार करना, अति गति में वाहन चलाना, ओवरटेकिंग, नगर निकायों की लापरवाही, मौसम की परिस्थिति, गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क की खराब हालत, मोटर वाहन की स्थिति में खराबी, साइकिल चालक की गलती, पैदल-यात्री की गलती आदि हैं।

**(घ):** पिछले तीन वर्षों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं और मारे गए व्यक्तियों की संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्रमश: **अनुलग्नक I** और **अनुलग्नक II** में दिया गया है।

**(ड.) एवं (च):** मंत्रालय ने ऑटोमोबाइल सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने, सड़क अवसंरचना में सुधार करने, जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने, प्रर्वतन को मजबूत करने एवं अभिघात मामला सहायता कार्यक्रम को सुचारु बनाने के लिए बहु-आयामी प्रयास किए हैं।

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा की गई मुख्य पहलें निम्नानुसार हैं:

i जागरुकता पैदा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर समर्थन/प्रचार अभियान।

ii गुड स्मारिटन की सुरक्षा के लिए दिशानिर्देश जारी करना।

iii राज्यों में आदर्श ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करना।

iv स्वचालित प्रणाली के माध्यम से व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस की जांच के लिए 22 परीक्षण और प्रमाणीकरण केंद्र की संस्वीकृति।

v सरकार ने राजमार्ग प्रयोक्ताओं के लिए एक मोबाइल ऐप शुरू किया है, जिसका नाम “सुखद यात्रा 1033” है। इससे राजमार्ग प्रयोक्ता दुर्घटनाओं सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के गड्ढों और अन्य सुरक्षा खतरों की शिकायत कर सकते हैं।

vi राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क प्रयोक्ताओं के बीच सुरक्षित व्यवहार के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।

vii सड़क सुरक्षा को योजना स्तर पर सड़क डिजाइन के एक अभिन्न भाग के रूप में बनाया गया है।

viii राष्ट्रीय राजमार्ग की चार लेनिंग के लिए शुरुआत को 15,000 पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) से घटाकर 10,000 पीसीयू कर दिया गया है।

ix वाहनों के लिए सुरक्षा मानकों में सुधार किए गए हैं।

x राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉटों (दुर्घटना संभावित स्थलों) के अभिनिर्धारण और दोष निवारण को उच्च प्राथमिकता दी गई है।

xi मंत्रालय ने सड़क प्रयोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोष निवारण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अभिनिर्धारित सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉटों के दोष निवारण के लिए विस्तृत प्राक्कलनों के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारियों को तकनीकी अनुमोदन के लिए शक्तियों का प्रत्यायोजन किया है।

xii दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर पैदल यात्री सुविधाओं के लिए दिशानिर्देश भी सभी राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों को जारी कर दिए गए हैं।

xiii भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी (आईएएचई) ने सड़क सुरक्षा संपरीक्षकों के लिए एक प्रमाणन पाठ्यक्रम शुरू किया है और 42 संपरीक्षकों के पहले बैच को प्रमाणित किया है।

xiv राजमार्ग पर चलने वाले ट्रक / बस चालकों के लिए नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर और चश्मों का वितरण किया जाता है।

xv माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार फाइल संख्या आरडब्ल्यू/एनएच-33044/309/2016 / एस एंड आर दिनांकित 06-04-2017 और 01-06-2017 के परिपत्र के माध्यम से शराब की दुकानें हटाना।

**अनुलग्नक-I**

**'सड़क दुर्घटनाएं' के संबंध में श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश, श्री वी. के. श्रीकंदन और श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा दिनांक 04.07.2019 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3123 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**भारत में सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या: 2015 से 2017**

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | सड़क दुर्घटनाओं की राज्य / संघ राज्य क्षेत्रवार कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **2015** | **2016** | **2017** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 24258 | 24,888 | 25,727 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 284 | 249 | 241 |
| 3 | असम | 6959 | 7435 | 7170 |
| 4 | बिहार | 9555 | 8222 | 8855 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 14,446 | 13580 | 13563 |
| 6 | गोवा | 4338 | 4304 | 3917 |
| 7 | गुजरात | 23,183 | 21,859 | 19081 |
| 8 | हरियाणा | 11,174 | 11234 | 11,258 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3010 | 3168 | 3114 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 5836 | 5501 | 5624 |
| 1 1 | झारखंड | 5162 | 4932 | 5198 |
| 12 | कर्नाटक | 44011 | 44403 | 42,542 |
| 13 | केरल | 39,014 | 39,420 | 38,470 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 54,947 | 53,972 | 53,399 |
| 15 | महाराष्ट्र | 63,805 | 39,878 | 35,853 |
| 16 | मणिपुर | 671 | 538 | 578 |
| 17 | मेघालय | 606 | 620 | 675 |
| 18 | मिजोरम | 70 | 83 | 68 |
| 19 | नगालैंड | 54 | 75 | 531 |
| 20 | ओडिशा | 10542 | 10532 | 10855 |
| 21 | पंजाब | 6702 | 6952 | 6273 |
| 22 | राजस्थान | 24072 | 23,066 | 22112 |
| 23 | सिक्किम | 219 | 210 | 196 |
| 24 | तमिलनाडु | 69,059 | 71,431 | 65,562 |
| 25 | तेलंगाना | 21,252 | 22,811 | 22,484 |
| 26 | त्रिपुरा | 647 | 557 | 503 |
| 27 | उत्तराखंड | 1523 | 1591 | 1603 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 32,385 | 35612 | 38,783 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 13208 | 13580 | 11,631 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 258 | 238 | 189 |
| 31 | चंडीगढ़ | 416 | 428 | 342 |
| 32 | दादर और नागर हवेली | 69 | 70 | 67 |
| 33 | दमन और दीव | 70 | 71 | 79 |
| 34 | दिल्ली | 8085 | 7375 | 6673 |
| 35 | लक्षद्वीप | 3 | 1 | 1 |
| 36 | पुदुच्चेरी | 1530 | 1766 | 1693 |
| | **कुल** | **501,423** | **480,652** | **464,910** |

**अनुलग्नक-II**

**'सड़क दुर्घटनाएं' के संबंध में श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश, श्री वी. के. श्रीकंदन और श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा दिनांक 04.07.2019 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3123 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों की कुल संख्या: 2015 से 2017**

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों की राज्य / संघ राज्य क्षेत्रवार कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2015 | 2016 | 2017 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8297 | 8541 | 8060 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 127 | 149 | 110 |
| 3 | असम | 2397 | 2572 | 2783 |
| 4 | बिहार | 5421 | 4901 | 5554 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 4082 | 3908 | 4136- |
| 6 | गोवा | 311 | 336 | 328 |
| 7 | गुजरात | 8119 | 8136 | 7289 |
| 8 | हरियाणा | 4879 | 5024 | 5120 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1096 | 1271 | 1203 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 917 | 958 | 926 |
| 1 1 | झारखंड | 2893 | 3027 | 3256 |
| 12 | कर्नाटक | 10,856 | 11133 | 10,609 |
| 13 | केरल | 4196 | 4287 | 4131 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 9314 | 9646 | 10,177 |
| 15 | महाराष्ट्र | 13212 | 12935 | 12,264 |
| 16 | मणिपुर | 139 | 81 | 136 |
| 17 | मेघालय | 183 | 150 | 182 |
| 18 | मिजोरम | 72 | 70 | 60 |
| 19 | नगालैंड | 30 | 46 | 41 |
| 20 | ओडिशा | 4303 | 4463 | 4790 |
| 21 | पंजाब | 4893 | 5077 | 4463 |
| 22 | राजस्थान | 10510 | 10465 | 10444 |
| 23 | सिक्किम | 70 | 85 | 78 |
| 24 | तमिलनाडु | 15642 | 17,218 | 16,157 |
| 25 | तेलंगाना | 7110 | 7219 | 6596 |
| 26 | त्रिपुरा | 158 | 173 | 161 |
| 27 | उत्तराखंड | 913 | 962 | 942 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 17,666 | 19320 | 20124 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 6234 | 6544 | 5769 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 23 | 17 | 21 |
| 31 | चंडीगढ़ | 129 | 151 | 107 |
| 32 | दादर और नागर हवेली | 42 | 46 | 43 |
| 33 | दमन और दीव | 42 | 38 | 36 |
| 34 | दिल्ली | 1,622 | 1591 | 1584 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 1 | 0 |
| 36 | पुदुच्चेरी | 235 | 244 | 233 |
| कुल | | **146,133** | **150,785** | **147,913** |

*****